प्रादेशिक समाचार
16.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड के शिक्षा मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता दिवंगत रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर आज विधानसभा परिसर में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई नेताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दिवंगत नेता का पार्थिव शरीर अभी उनके पैतृक गांव घोरबाधा ले जाया जा रहा है। जहां आज उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। बता दें कि बीती रात शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का निधन नई दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दुख जताया है।

****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत शिबू सोरेन का आज उनके पैतृक गांव नेमरा में संस्कार भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, पूर्व राज्यसभा सांसद आर के आनंद, योग गुरू बाबा रामदेव समेत कई दिग्गज नेता और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हो रहे हैं।

****************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि आज देशभर में मनाई जा रही है। उनके समाधि स्थल–सदैव अटल जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल संतोष गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा कि इस महान व्यक्तित्व ने अपना सपूर्ण जीवन राष्ट्रहित और मानव कल्याण के लिए समर्पित किया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और सांसद प्रदीप वर्मा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

****************

हजारीबाग के खिरगांव स्थित एक पेट्रोल पंप के मैनेजर अवधेश कुमार से बीती रात तीन अज्ञात अपराधियों ने 2 लाख 80 हजार रुपये लूट लिये। घटना के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अपराधियों की खोजबीन कर रही है। पीड़ित ने बताया कि अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के लिए गोली भी चलायी। घायल मैनेजर का इलाज चल रहा है।

****************

देवघर एम्स प्रबंधन ने अमृत फार्मेसी को आयुष बिल्डिंग में शिफ्ट करने के साथ–साथ काउंटर बढ़ाने का निर्णय लिया है।

****************

देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। रांची के पुंदाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर, इस्कॉन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में जन्माष्टमी को लेकर धूम है। जगह–जगह जमाष्टमी के अवसर पर नगर संकीर्तन भी निकाली जा रही है।

*******समाप्त********